# भारत हार्डवेयर निर्माण में भी अग्रणी

## पीएम मोदी ने सेमीकंडक्टर मेमोरी का किया उद्घाटन

- गुजरात में माइक्रोन एटीएमपी फैक्ट्री का शुभारंभ
- पीएम मोदी ने बताया- इंडिया इज रेडी और रिलायबल




**साणंद, गुजरात, 28 फरवरी। नरेंद्र मोदी ने गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी की एटीएमपी ( असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग ) फैसिलिटी का उद्घाटन किया.**

22,516 करोड़ की लागत से तैयार यह प्लांट भारत में मेड-इन-इंडिया सेमीकंडक्टर मेमोरी मॉड्यूल्स का पहला कमर्शियल प्रोडक्शन प्रोजेक्ट है। पीएम मोदी ने कहा कि पहले देश की पहचान सॉफ्टवेयर के रूप में थी, लेकिन अब भारत हार्डवेयर निर्माण में भी पहचाना जा रहा है। उन्होंने बताया कि जून 2023 में एमओयू साइन हुआ, सितंबर 2023 में काम शुरू हुआ और फरवरी 2026 में प्रोडक्शन शुरू हो गया। पीएम मोदी ने कहा कि यह प्रोजेक्ट भारत और अमेरिका के बीच मजबूत साझेदारी का प्रमाण है और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगा। एटीएमपी तकनीक के तहत इस फैक्ट्री में सेमीकंडक्टर चिप्स का निर्माण, जांच, मार्किंग और पैकेजिंग की जाएगी. जिससे आयात पर निर्भरता घटेगी और रोजगार एवं निवेश के नए अवसर खुलेंगे। साणंद में उद्घाटन के दौरान नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछली शताब्दी का रेग्युलेटर तेल था, तो इस शताब्दी का रेग्युलेटर चिप होगा.

कोरोना काल में भारत ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश के बीज बोए थे और अब उसका फल सामने आया है। प्रधानमंत्री ने उपस्थित लोगों को भरोसा दिलाया कि गुजरात विकास और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और निवेश के लिए अनुकूल माहौल बना रहा है.

> इस प्लांट में एटीएमपी टेक्नोलॉजी का उपयोग होगा, जिसके तहत चिप्स को असेंबल, टेस्ट, मार्क और पैकेज किया जाएगा। इससे देश माइक्रोचिप्स के लिए आयात पर कम निर्भर रहेगा। माइक्रोन कंपनी ने इस फैक्ट्री के लिए अगस्त 2023 में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। गुजरात सरकार ने 2022-2027 के लिए 'गुजरात सेमीकंडक्टर नीति' बनाई है, जो भारत में किसी राज्य द्वारा बनाई गई पहली नीति है। इसके तहत प्रोजेक्ट्स को सब्सिडी, जमीन पर जीरो स्टांप शुल्क और पानी की सुविधा जैसी प्रोत्साहन योजनाएं दी जा रही हैं। प्लांट से तकनीकी विकास, रोजगार और निवेश के अवसर बढ़ेंगे, साथ ही 'मेक इन इंडिया' और डिजिटल इंडिया अभियानों को मजबूती मिलेगी.

### ब्रज की होली की छवि धूमिल करने वाले यूट्यूबर्स के खिलाफ पुलिस सख्त

**मथुरा, 28 फरवरी.** उत्तर प्रदेश के मथुरा में ब्रज की विश्वविख्यात होली से जुड़े पुराने विवादित वीडियो को 'वर्तमान' बताकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस के अनुसार बरसाना की लठामार होली और वृंदावन की रंगभरनी एकादशी से जुड़े कई वर्ष पुराने वीडियो को कुछ यू-ट्यूबर्स द्वारा हालिया बताकर वायरल किया जा रहा था। इन वीडियो में महिलाओं के साथ अभद्रता अथवा जबरन रंग डालने जैसी घटनाएं दिखाई गई हैं। जांच में सामने आया है कि ये वीडियो पुराने हैं और इन्हें पर्व-काल के दौरान जानबूझकर प्रसारित किया गया, जिससे धार्मिक नगरी की छवि धूमिल हो। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देश पर साइबर सेल और आईटी टीम को सक्रिय कर दिया गया है। पुलिस ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट्स और यूट्यूब चैनलों की पहचान कर रही है.


# आयुष्मान कार्ड धारकों को मिलेगी राहत

## आरोग्य योजना के लाभार्थियों को उपचार की सुविधा उपलब्ध

**लखनऊ.28 फरवरी. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार प्रदेश के आयुष्मान कार्ड धारकों को बड़ी राहत देने जा रहे हैं। राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि उत्तर प्रदेश के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी.**

इसके लिए स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) द्वारा शेष 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों के साथ जल्द ही एमओयू साइन किया जाएगा। प्रदेश में कुल 13 कैंटोनमेंट अस्पताल हैं, जिनमें से प्रयागराज स्थित कैंटोनमेंट अस्पताल में पहले से ही आयुष्मान कार्ड धारकों का निशुल्क इलाज किया जा रहा है.

झवहां मिल रहे सकारात्मक परिणामों को देखते हुए सरकार ने इस सुविधा का विस्तार पूरे प्रदेश में करने का निर्णय लिया है। प्रयागराज कैंटोनमेंट अस्पताल में जनवरी 2026 से आयुष्मान कार्ड धारकों को



कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, मेडिकल एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी जैसी गंभीर बीमारियों का उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। मरीजों को मुफ्त ओपीडी अपॉइंटमेंट, नि:शुल्क जांच और गंभीर रोगियों के लिए मुफ्त परिवहन (पिक एंड ड्रॉप) की सुविधा भी दी जा रही है। अब एमओयू के बाद लखनऊ, कानपुर, मेरठ, बरेली, वाराणसी, अयोध्या, शाहजहांपुर, मथुरा, आगरा, फतेहपुर, झांसी और बबीना स्थित कैंटोनमेंट अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार सुनिश्चित किया जाएगा.

### योगी ने दी वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं

**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले देश के सभी वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने कहा है कि महान वैज्ञानिक, नोबेल पुरस्कार से अलंकृत, भारत रत्न सर सी.वी. रमन द्वारा खोजे गए रमन प्रभाव की स्मृति में मनाए जाने वाले इस दिवस पर आइए हम सभी मिलकर नवाचार एवं अनुसंधान के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प को और सुदृढ़ करें। गौरतलब है कि आज पूरे देश में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है.

# नीतीश ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

- समय सीमा में शवदाह गृह व सड़क परियोजना पूरी करने के निर्देश



**पटना, 28 फरवरी. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को अधिकारियों को बांस घाट में शवदाह गृह परिसर का निर्माण निर्धारित समय सीमा के अंदर ठीक ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया है.**

मुख्यमंत्री श्री कुमार ने आज बांस घाट क्षेत्र स्थित विद्युत शवदाह गृह का निरीक्षण कर वर्तमान व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ने बांस घाट क्षेत्र में निर्माणाधीन अत्याधुनिक शवदाह गृह परिसर के निर्माण कार्य की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली.

### नीतीश ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने श्रद्धांजलि दी

**पटना.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के 63वें निर्वाण दिवस के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के 63वें निर्वाण दिवस के अवसर पर राष्ट्र ने उन्हें शत-शत् नमन किया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। राजधानी पटना में देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के 63वें निर्वाण दिवस के अवसर पर मुख्य राजकीय समारोह महाप्रयाण घाट (बांस घाट) स्थित उनके समाधि के निकट आयोजित की गई.

### जाफरी धर्मनिरपेक्ष भारत के एक ताकतवर प्रतीक थे

**तिरुवनंतपुरम.** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कांग्रेस के पूर्व सांसद एहसान जाफरी को धर्मनिरपेक्ष भारत के ताकतवर प्रतीकों में से एक बताया, जिनकी 2002 की गुजरात हिंसा में जान चली गयी थी। श्री विजयन ने अहमदाबाद में गुलबर्ग सोसाइटी हत्याकांड का जिक्र करते हुए कहा कि जाफरी उन 69 लोगों में शामिल थे, जिन्हें 28 फरवरी, 2002 को सांप्रदायिक दंगे के दौरान आग में जलाकर मार दिया गया था। मुख्यमंत्री ने इस घटना को आजाद भारत के इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक और अल्पसंख्यकों को लक्ष्य करके की गई हिंसा झलक बताया।जब एक हिंसक भीड़ ने गुलबर्ग सोसाइटी पर धावा बोला, तो घबराए हुए लोग सुरक्षा की मांग करते हुए जाफरी के घर की ओर दौड़े.

# केजरीवाल ने हनुमान मंदिर में टेका माथा

## परिवार व पार्टी साथियों संग की पूजा, सबके कल्याण की कामना

**नई दिल्ली, 28 फरवरी। अरविन्द केजरीवाल, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री, ने शनिवार को अपनी धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल तथा पार्टी के अन्य साथियों के साथ कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की.**

उन्होंने भगवान बजरंग बली के चरणों में माथा टेककर देशवासियों के सुख, शांति और साहस की कामना की। केजरीवाल ने इस अवसर की जानकारी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा कि प्रभु सभी के जीवन में सुख, शांति और साहस बनाए रखें तथा सबका कल्याण करें। मंदिर दर्शन के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं की भी उपस्थिति रही। राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों के बीच



अरविन्द केजरीवाल ने नई दिल्ली के हृदयस्थल कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर कनॉट प्लेस में पूजा-अर्चना की। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। मंदिर पहुंचकर केजरीवाल ने भगवान बजरंग बली के चरणों में माथा टेका और विशेष प्रार्थना की. इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, अपनी धर्मपत्नी सुनीता एवं पार्टी के अन्य साथियों के साथ आज कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भगवान बजरंग बली जी के चरणों में माथा टेका। प्रभु सभी के जीवन में सुख, शांति और साहस बनाए रखें।

### वायुसेना का दावा पाक में तबाह किए सैन्य ठिकाने

**काबुल, 28 फरवरी.** अफगानिस्तान की वायुसेना ने शुक्रवार आधी रात के करीब पाकिस्तान के अंदर नये हवाई हमले कर उसके सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ और कई लोग मारे गये। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय के सोशल मीडिया एक्स पर साझा बयान में कहा गया, राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय की वायुसेना ने एक बार फिर आधी रात के करीब मीरानशाह और स्पिनवाम में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किये। नतीजतन, इन हमलों में मीरानशाह और स्पिनवाम सैन्य ठिकाने तबाह हो गये, जिससे भारी नुकसान हुआ और भारी लोग मारे गये. शुक्रवार को एक ही दिन में दूसरी बार ऐसा हुआ जब अफगान वायुसेना ने पाकिस्तान के अंदर हमले करने का दावा किया ।

## पेज एक का शेष

# सरकार और संगठन में कुछ बड़ा होने के संकेत

सिंह के साथ मुलाकात की. इन मुलाकातों का असर आने वाले दिनों में प्रदेश की राजनीति में दिखने की संभावना जताई जा रही है. मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरा कितना महत्वपूर्ण था, इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि शनिवार को कूनो में बोतस्वाना से आए चीतों को खुले बाड़े में छोड़ने का काम केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने अकेले किया. इसमें मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिल्ली में व्यस्तता के कारण शामिल नहीं हो सके. इधर दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री शाह से विजयवर्गीय की मुलाकात को सामान्य राजनीतिक मुलाकात नहीं माना जा रहा है. बताया जा रहा है कि संभवत: केंद्रीय नेतृत्व विजयवर्गीय के हाल के बयानों से नाराज है. विजयवर्गीय ने पिछले दिनों विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में भोपाल, इंदौर के मास्टर प्लान नहीं आने के लिए अप्रत्यक्ष रूप से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को ही जिम्मेदार ठहरा दिया था, वहीं सत्रावसान के समय जब मुख्यमंत्री डॉ. यादव सदन में नहीं थे, तब भी विजयवर्गीय ने विधानसभा सचिवालय को सरकार के सचिवालय से बेहतर करार देकर एक तरह से सीएम और सरकार पर अप्रत्यक्ष हमला ही किया था. बताया जा रहा है कि ये मामला तेजी से वायरल हुआ और मामले की शिकायत दिल्ली तक की गई. मामला संज्ञान में आने के बाद विजयवर्गीय को शुक्रवार देर रात ही दिल्ली तलब किया गया, उसके बाद आनन-फानन में वे रात को ही दिल्ली रवाना हो गए. वहीं दूसरी तरफ प्रदेश के एक और कद्दावर मंत्री प्रहलाद पटेल ने भी शाह से अलग से मुलाकात की. इधर सीएम की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात को भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है. बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार के कामकाज के साथ ही संगठन के कामकाज की जानकारी शाह के साथ साझा की. उनकी इस मुलाकात को आने वाले दिनों में मंत्रिमंडल में बदलाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है. संभावना जताई जा रही है कि विधानसभा सत्र समाप्त होने के बाद अब इस संबंध में भाजपा हाईकमान से कोई संकेत मिल सकते हैं. यदि ऐसा हुआ तो सीएम और सरकार के लिए समस्या खड़ी करने वालों के साथ ही नॉन परफॉर्मेंस वाले मंत्रियों को बाहर का दरवाजा दिखाया जा सकता है.




# शासन व्यवस्था ईरान की जनता को सौंपें : ट्रंप

## ईरानी जनता को सरकार अपने हाथ में संभालने का अवसर मिलेगा

**वाशिंगटन, 28 फरवरी. संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार की रात ईरान पर सैन्य कार्रवाई शुरू करने के बाद एक संबोधन में कहा कि इस कार्रवाई का उद्देश्य वहां की आतंकवादी सरकार से अमेरिका और उसके सहयोगियों की रक्षा करना है और उस सरकार को हटा कर वहां की शासन व्यवस्था ईरान की जनता को सौंपना है.**

उन्होंने ईरानी सेना को हथियार डालने या तबाही के लिए तैयार रहने की अपील करते हुए साफ साफ कहा कि अमेरिका ईरान को कभी परमाणु हथियारों से लैस नहीं होने देगा और उसको ऐसी लम्बी दूरी की मिसाइलें नहीं बनाने देगा जो अमेरिका तक पहुंच सकती हैं। उन्होंने ईरान की मौजूदा सरकार को -कुछ क्रूर और खतरनाक लोगों का गिरोह बताते हुए



कहा कि वहां की -आतंकवादी सरकार चार दशकों से अधिक समय से अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगाती रही है और जगह जगह अमेरिकी सौनिकों, सैन्य तथा वाणिज्यिक पोतों पर हमले किये हैं तथा अमेरिकी हितों को नुकसान पहुंचाया है 1

उन्होंने ईरान की जनता से सुरक्षित घरों में बने रहने की सलाह देते हुए कहा है कि इस अभियान के खत्म होने के बाद ईरानी जनता को अपनी सरकार अपने हाथ में संभालने का अवसर मिलेगा।

## कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर

निविदा सूचना क्र/पी.डब्लू.डी/2025-26/25

**निविदा सूचना 2025-26**

बुरहानपुर दिनांक : 27-02-2026

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑन लाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. | टेण्डर आई.डी.नं. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत रू. लाख में। | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_486218_1 | नगर के विभिन्न वार्डो की गलियों में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य। | 6 माह 84.74 लाख | 5,000/- 64,000/- | 02-04-2026 |
| 2 | 2026_UAD_486220_1 | वन देवी माता मंदिर से रोकड़िया हनुमान मंदिर तक बिटुमिन सडक निर्माण का कार्य। | 2 माह 56.92 लाख | 5,000/- 43,000/- | 18-03-2026 |
| 3 | 2026_UAD_474137_2 | वार्ड क्र. 01 से 12 में विभिन्न स्थानों पर बी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 6 माह 42.37 लाख | 5,000/- 32,000/- | 18-03-2026 |
| 4 | 2026_UAD_474138_2 | वार्ड क्र. 13 से 24 में विभिन्न स्थानों पर बी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 6 माह 42.37 लाख | 5,000/- 32,000/- | 18-03-2026 |
| 5 | 2026_UAD_475340_2 | वार्ड क्र 25 से 36 में विभिन्न स्थानों पर बी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 6 माह 42.37 लाख | 5,000/- 32,000/- | 18-03-2026 |
| 6 | 2026_UAD_475341_2 | वार्ड क्र 37 से 48 में विभिन्न स्थानों पर बी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 6 माह 42.37 लाख | 5,000/- 32,000/- | 18-03-2026 |

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते आयुक्त
नगर पालिक निगम बुरहानपुर

